कार्यालय प्राचार्य, राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू
E-mail: lohiacollegechuru@gmail.com, Ph.No. 01562-250362

क्रमांक :– लोका/स्था/2022/721 दिनांक :– 06/08/2022

विज्ञप्ति

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर के पत्र क्रमांक एफ.1 ( ) विद्यासम्बल/आकाशि/गेफै/दिशानिर्देश/2021/81 दिनांक 14.07.2022 एवं वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक प.6(2)वित्त/सा.वि.ले.नि./2021 दिनांक 30.03.2021 की अनुपालना में महाविद्यालयों में अध्ययन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा विद्या सम्बल योजना के अन्तर्गत निम्न विषयों के लिए अनुभवी व्यक्तियों को गेस्ट फैकल्टी के रूप में परिपत्र के बिन्दु संख्या 4(क) में वर्णित स्तर से बिन्दु संख्या 05 में वर्णित देय मानदेय पर बजट की उपलब्धता की शर्त के अध्याधीन आवेदन दिनांक 18.08.2022 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। पात्र अभ्यर्थी मूल आवेदन मय समस्त वांछित प्रमाण–पत्रों के व्यक्तिशः या रजिस्टर्ड डाक (ई–मेल अथवा अन्य किसी माध्यम से स्वीकार नहीं किया जाएगा) द्वारा एक से अधिक महाविद्यालयों के लिए आवेदन पृथक्–पृथक रूप से प्रेषित करना होगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा। ई–मेल से प्राप्त आवेदन–पत्र की अग्रिम प्रति को भी स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस हेतु महाविद्यालय शिक्षा सेवा नियम 1986 में सहायक आचार्य के पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यताधारी निजी अभ्यर्थी ही आवेदन करें। निजी अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष होगी। आमंत्रित शिक्षकों से केवल कालांश के आधार पर अध्यापन कार्य करवाया जाएगा। उपर्युक्त व्यवस्था पूर्ण रूप से अस्थाई तथा एक सेमेस्टर या एक सत्र के लिए है तथा भविष्य में इसका व्यवस्था के आधार पर नियमित नियुक्ति हेतु दावा नहीं किया जा सकेगा। विद्यासम्बल योजना के अन्तर्गत अभ्यर्थियों का चयन व अध्यापन हेतु आमंत्रण माननीय न्यायालय के आदेश/निर्देश के अधीन होगा। गेस्ट फैकल्टी से निर्धारित शपथ–पत्र भी भरवाकर लिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय की वेबसाइट https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcchuru (आवेदन–पत्र का प्रारूप, न्यूनतम योग्यता, शर्तों, शपथ–पत्र आदि) को देखें।

क्र.सं.	महाविद्यालय का नाम	विषय का नाम
1	राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू	लोक प्रशासन, उर्दू, व्यावसायिक प्रशासन
2	राजकीय कन्या महाविद्यालय, चूरू	राजनीति विज्ञान; **राजसेस के अन्तर्गत :** उर्दू, रसायनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, प्राणिशास्त्र, भौतिक विज्ञान, गणित,
3	राजकीय महाविद्यालय, राजलदेसर (चूरू)	**राजसेस के अन्तर्गत :** राजनीति विज्ञान, इतिहास, समाजशास्त्र, भूगोल, संस्कृत
4	राजकीय कन्या महाविद्यालय, राजगढ़ (चूरू)	गृह विज्ञान

नोट –

1. उपर्युक्त सभी पदों के लिए आवेदन–पत्र प्राचार्य, राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू–331001 के पते पर भेजे जायें।
2. सभी रिक्तियां अयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर द्वारा अनुशंसित किये जाने पर प्रभावी होंगी। रिक्त पद भरे जाने पर उपर्युक्त व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जाएगी।
3. राज्य सरकार के निर्देशानुसार अध्यापन कार्य राजस्थान कॉलेज एज्युकेशन सोसायटी (राजसेस) के गठन होने तक विषय–विशेषज्ञों की उपलब्धता निर्धारित हो सकेगी।

प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी
राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

Scanned with CamScanner